

# उदय की ओर

## उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि.
(उ.प्र. सरकार का उपक्रम)



अक्टूबर 2017, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ अंक – 02

### मुख्य संरक्षक
मा0 पंडित श्रीकांत शर्मा
ऊर्जा मंत्री
उ0प्र0 सरकार

### संरक्षक
श्री आलोक कुमार, आईएएस
प्रमुख सचिव ऊर्जा
एवं
अध्यक्ष, उ0प्र0 पाकालि

### मुख्य सम्पादक
डॉ. संजय कुमार सिंह
निदेशक (वाणिज्य)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0

### सम्पादकगण
इं0 अमित कुमार श्रीवास्तव
अधीक्षण अभियन्ता, इनर्जी आडिट
इं0 विवेक दीक्षित
अधीक्षण अभियन्ता, वाणिज्य
इं0 आर0के0 जैन
स्टाफ आफिसर सम्बद्ध अध्यक्ष
इं0 रजनीकान्त मिश्र
अधिशासी अभियन्ता, एम.बी.सी.
इं0 ब्रजेश कुमार
अधिशासी अभियन्ता, इनर्जी आडिट
इं0 अनिल कुमार
अधिशासी अभियन्ता, इनर्जी आडिट

### संकलन एवं दिशानिर्देश
श्री के.के.सिंह "अखिलेश"
जनसम्पर्क अधिकारी

### डिजाइन एवं रचना
श्री उमेश जोशी,
बैक आफिस

## उ.प्र. पावर कारपोरेशन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## शुभ दीपावली

### अध्यक्ष की कलम से ....



*उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के न्यूज लेटर "उदय की ओर" के दूसरे अंक के लिए यह संदेश लिखते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि इस अंक में फील्ड के अधिकारियों द्वारा किये गये कई उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख है, जो उत्साहवर्धक है। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन व सहयोगी वितरण निगमों (डिस्कॉम) के द्वारा ए०टी०एण्ड०सी० हानियों को कम करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण टास्क है, जो अत्यन्त चुनौतीपूर्ण है। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड ने अधिक हानियों वाले फीडरों को चिन्हित करने के लिए इनर्जी आडिट का कार्य शुरू किया है इसके साथ ही डाटा माइनिंग के द्वारा ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं को सूचीबद्ध करना प्रारम्भ कर दिया है जहाँ विद्युत चोरी की प्रबल सम्भावना है अथवा तकनीकी कारणों से राजस्व लीकेज हो रहा है। हम "पॉवर फॉर आल" के मिशन में तभी सफल हो सकेंगें जब "सूचना एवं प्रौद्योगिकी" का भरपूर उपयोग करेंगें और साफ नियत व दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ इस मिशन में जुटेंगें।*

*मेरी ओर से अधिकारियों/कर्मचारियों को सपरिवार मंगलमय दीपावली की शुभकामनाएं।*

### उत्कृष्ट कार्य हेतु अभियन्ताओं को मिले प्रशस्ति पत्र

मासिक वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित अभियन्ताओं की उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा की गयी एवं उनको डिस्काम स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशकों को निर्देश दिये गये :–

1. श्री पी.एम. प्रभाकर, अधि. अभि., वि.वि.खण्ड– ।। इटावा
2. श्री पंकज अग्रवाल अधि. अभि., वि.न.वि.खण्ड, फर्रूखाबाद
3. श्री अशोक कुमार, अधि. अभि., वि.न.वि.खण्ड, ठाकुरगंज
4. श्री शशांक कुमार अग्रवाल, अधि. अभि., फूलबाग, कानपुर
5. श्री प्रशांत कुमार, अधि. अभि., वर्ल्ड बैंक, बर्रा, कानपुर
6. श्री पवन अग्रवाल, अधि. अभि., वि.न.वि.खण्ड–पंचम, गाजियाबाद
7. श्री राजीव जैन, अधी. अभि., पश्चिमांचल, मेरठ
8. श्री मनोज गुप्ता, अधि. अभि., वि.न.वि.खण्ड, वाराणसी
9. श्री मनोज अग्रहरी, अधि. अभि., वि.वि.खण्ड– ।, वाराणसी

कृपया आप अपने सुझाव suggestionuppcl@gmail.com पर भेज सकते हैं। अच्छे सुझावों को प्रकाशित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।



### कुछ खास


**मुख पृष्ठ**

उत्कृष्ट कार्य हेतु अभियन्ताओं को मिले प्रशस्ति पत्र – पृष्ठः 1

**सराहनीय कार्य**

फर्रूखाबाद शहर की ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों में लगभग 12 प्रतिशत की कमी – पृष्ठः 2
मुरादाबाद क्षेत्र में वृहद पैमाने पर सफलतापूर्वक अभियान चलाकर बढ़ाया वसूली दर – पृष्ठः 2
ग्रामीण क्षेत्र इटावा में राजस्व वृद्धि कर किया सराहनीय कार्य – पृष्ठः 2
प्रवर्तन दलों द्वारा चलाये गये विद्युत चोरी रोको अभियान – पृष्ठः 2

**कैसे करें ?**

मीटर की जाँच का आसान तरीका – पृष्ठः 3
फीडरवार ए.टी.एण्डसी. हानियों को कम करना – पृष्ठः 3
भारत सरकार की "सौभाग्य" योजना को लागू करना – पृष्ठः 3

**माह में जारी प्रमुख कारपोरेशन आदेश एवं सर्कुलर**

अवर अभियन्ता (वितरण) की भूमिका फीडर मैनेजर के रूप में – पृष्ठः 4
लागू टैरिफ दर के दोगुने से राजस्व निर्धारण – पृष्ठः 4
अनाधिकृत विद्युत उपयोग एवं विद्युत चोरी हेतु दिशा–निर्देश – पृष्ठः 4
क्षेत्रवार/डिस्कामवार मासिक एवं प्रगामी वसूली दर की तुलनात्मक रिपोर्ट – पृष्ठः 4

**अन्य समाचार**


वसूली मामले में जेई सस्पेंड

## फर्रूखाबाद शहर की ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों में लगभग 12 प्रतिशत की कमी



श्री पंकज अग्रवाल द्वारा 10 जुलाई–2017 को वि0न0 वितरण खण्ड फर्रूखाबाद का कार्यभार ग्रहण किया गया। आरएपीडीआरपी शहर फर्रूखाबाद में 4800 आरडीएफ के चार से पाँच साल पुराने प्रकरण थे (जिनमें वर्तमान रीडिंग पिछली रीडिंग से कम दर्ज कर जानबूझकर बिल गलत किये गये थे। जिनमें से 1100 बिलों की रीडिंग मंगाकर सही किये जाने पर लगभग 700 बिलों में 22 लाख अतिरिक्त यूनिट प्राप्त के रू0 140 लाख के राजस्व निर्धारण के सापेक्ष रू0 70 लाख की वसूली भी कर ली गयी है। इन उपभोक्ताओं का वर्तमान निर्धारण में तीन गुने की वृद्धि भी दर्ज हुयी है इस कार्य में उपखण्ड अधिकारी श्री राहुल बाबू कटियार तथा अवर अभियन्ता श्री अमित शर्मा का कार्य अत्यन्त प्रशंसनीय रहा। इससे फर्रूखाबाद टाऊन में माह के थ्रू रेट रू0 3.45 प्रतियूनिट से बढ़कर रू0 4.35 प्रतियूनिट एवं प्रागामी थ्रू रेट रू0 3.25 प्रति यूनिट से बढ़कर रू0 4.07 प्रतियूनिट (लगभग 25 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है तथा फर्रूखाबाद शहर की ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों में लगभग 12 प्रतिशत की कमी लाने का प्रशंसनीय कार्य किया गया। श्री पंकज अग्रवाल का कार्य शहरी क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य अभियन्ताओं एवं कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक है।

## मुरादाबाद क्षेत्र में वृहद पैमाने पर सफलतापूर्वक अभियान चलाकर बढ़ाया वसूली दर


श्री दीपक कुमार
अधीक्षण अभियन्ता


श्री ज्ञान प्रकाश
अधिशासी अभियन्ता

माह सितम्बर, 2017 में इं0 दीपक कुमार अधीक्षण अभियन्ता एवं इं0 ज्ञान प्रकाश अधिशासी अभियन्ता द्वारा मुरादाबाद क्षेत्र में बृहद पैमाने पर बिजली चोरी रोको अभियान चलाया गया जिसमें प्रातः काल अन्धेरे में बिजली चोरी पकड़ने हेतु रेड करायी गयी तथा देर सांय काल में यह अभियान चलाया गया विशेषकर इस अभियान के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुरादाबाद में भारी सफलता मिली और इस वितरण खण्ड के अन्तर्गत धारा–135 में 486 प्रार्थमिकी दर्ज करायी गयी तथा 138 बी के अन्तर्गत 59 प्रार्थमिकी दर्ज करायी गयी। साथ ही साथ मीटर रीडरों द्वारा ली जा रही मीटर रीडिंग का सत्यापन करने पर 135256 यूनिट स्टोर रीडिंग पकड़ी गयी और उनकी वसूली की गयी तथा 03 मीटर रीडरों के विरूद्ध प्रार्थमिकी दर्ज कराकर इनको कार्य से अलग किया गया। मीटर रीडिंग की कार्यदायी संस्था के विरूद्ध भी रू0 20.00 लाख की पेनाल्टी लगाई। इस खण्ड के अन्तर्गत एक बेहद संवेदनशील क्षेत्र आता है। इन्ही कार्यवाही के कारण विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुरादाबाद का प्रति यूनिट वसूली दर पहली बार रू0 4.05 प्रति यूनिट पहुँचा जो कि गत वर्ष इसी माह रू0 3.00 प्रति यूनिट था। यह वृद्धि पिछले 1 साल के अन्तर्गत किसी भी माह में होने वाली वृद्धि के सापेक्ष सर्वोच्च रही। इस अभियान की सफलता का सीधा–सीधा श्रेय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता श्री ज्ञान प्रकाश एवं मण्डल के अधीक्षण अभियन्ता इं0 दीपक कुमार का है जिनके नेतृत्व में प्रति यूनिट वसूली दर गत वर्ष के रू0 4.21 पैसे से बढ़कर 5.08 पैसे प्रति यूनिट हो गयी।

उपरोक्त कार्य अत्यन्त प्रशंसनीय एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।


## ग्रामीण क्षेत्र इटावा में राजस्व वृद्धि कर किया सराहनीय कार्य



श्री पी0एम0 प्रभाकर अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय इटावा के द्वारा भी श्री भूप सिंह उपखण्ड अधिकारी बकेवर, श्री राजेन्द्र सिंह, एवं श्री कामेश अवर अभियन्ता की टीम द्वारा सरहानीय कार्य द्वारा रू0 1.13 प्रतियूनिट 134 प्रतिशत की प्रणामी राजस्व वृद्धि सितम्बर माह तक दर्ज की गयी है जिससे इस ग्रामीण खण्ड का थ्रू रेट मात्र रू0.84 प्रति यूनिट से बढ़कर 6 माह में रू0 1.96 प्रतियूनिट हो गया है। उपरोक्त कार्य के लिये अवर अभियन्ता तक का बकाया वसूली, विद्युत चोरी रोकने, नये संयोजन निर्गत किये जाने के लक्ष्य निर्धारित करते हुये टीम को मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन एवं फील्ड में एवं उपस्थित होकर सहयोग देते हुये सराहनीय कार्य कर कारपोरेशन के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व वृद्धि किये जाने हेतु बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है।


## विद्युत चोरी रोको अभियान

कारपोरेशन स्तर पर चलाये जा रहे 'विद्युत चोरी रोको अभियान' के अन्तर्गत प्रवर्तन दल द्वारा कुल 7311 उपभोक्ताओं की जांच की गयी। 68 उपभोक्ताओं से रूपये 8.16 लाख का शमन वसूला तथा 4371 उपभोक्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। अभियान के अन्तर्गत 5 कि0वा0 व उससे अधिक भार वाले 281 उपभोक्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही की गयी तथा 10 कि0वा0 एवं अधिक भार वाले 1073 कि0वा0 भार की विद्युत चोरी के विरूद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें 1. कानपुर शहर में मैसर्स संस्कृति रीयल स्टेट प्रा0लि0 प्रो0 संजय गुप्ता, नि0 ग्लेक्सी नि0 120/285 काकादेव, कानपुर के यहां 48 कि0वा0 भार की चोरी पकड़ी गयी, 2. गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के नोएडा शहर में मेसर्स राजसन एक्जिम प्रा0लि0 जी–128 सेक्टर–63 नोएडा उपभोक्ता पंकज शर्मा एवं बिरेन्द्र कुमार ध्यानी के यहां 50 कि0वा0 भार विद्युत चोरी पकड़ी गयी।




कारपोरेशन को वित्तीय रूप से एक सशक्त इकाई बनाकर हम सब अगली दीपावली तक हर घर में उजाला पहुंचाने के लिए कृत संकल्प हैं।

## मीटर की जाँच का आसान तरीका




- मीटर पर लगे हुये लीस्ट काउन्ट (उदाहरणार्थ 6400 प्लस प्रति यूनिट) को 60 से भाग देने पर 107 प्लस प्रति मिनट चलनी चाहिये।
- यदि 1 कि0वा0 भार का मीटर जोड़ कर जाँच करने पर 1 मिनट में समान्यत 107 प्लस (एल0ई0डी0 107 बार फ्लिक) होनी चाहिये।
- यदि वोल्टेज में परिवर्तन के आधार पर अनुपादिक प्लस की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है।
- परन्तु यदि प्लस में 33 प्रतिशत अधिक कमी है तब मीटर को खोल कर जाँच कराके स्वयं नया मीटर लगाकर सप्लाई चालू करें।
- इसी प्रकार 3 फेस होल करेन्ट मीटर में प्रत्येक फेस की जाँच की जा सकती है।
- इससे कम समय में हीं ज्यादा से ज्यादा मीटरों की जाँच कर विद्युत चोरी रोकने की प्रभावी कार्यवाही सम्भव है। इस तरीके से अवर अभियन्ता द्वारा 3 घण्टों में लगभग 20–25 मीटरों की जांच सम्भावित है।

## फीडरवार ए.टी.एण्डसी. हानियों को कम करना

- सर्वप्रथम इनर्जी आडिट कार्य हेतु डिस्काम द्वारा प्रत्येक उपभोक्ता को उसके 11 के0वी0 फीडर से टैग कर लिया जाये जिससे फीडरवार वाणिज्यिक आँकड़े प्राप्त हो सकेगे।
- फीडरवार इनपुट इनर्जी के लिए समस्त 11 के0वी0 फीडर डाटा का एमडास सिस्टम पर ऑन–लाइन सम्प्रेषण किया जाये।
- फीडरवार वाणिज्यिक आँकड़े प्राप्त होने के पश्चात् फीडरवार ए0टी0एण्ड सी0 हानियों की गणना की जाये।
- फीडरवार ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों की गणना के विश्लेषणोंपरान्त अधिक ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों वाले फीडरों पर कार्य योजना तैयार करते हुये फील्ड अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता पर निम्नलिखित कार्यवाही की जानी चाहिए :
  - ❑ फील्ड अधिकारियों द्वारा अधिक ए0टी0एण्ड सी0 हानियों को कम करने की कार्य योजना में कम लोड फैक्टर वाले उपभोक्ताओं की जॉच, शत प्रतिशत बिलिंग, आई0डी0एफ0 मीटर को बदलना, आर0डी0एफ0 केसेस की सही एडवाइज आदि कार्यों को सम्मिलित किया जाये।
  - ❑ अवर अभियन्ता (वितरण) द्वारा फीडरवार आकड़ों के आधार पर फीडरवार सेनेटाइजेशन का कार्य किया जाये तथा फीडर पर बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्यवाही करते हुये लम्बित राजस्व की वसूली भी की जाये।

## भारत सरकार की "सौभाग्य" योजना को लागू करना

भारत सरकार की प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना – " सौभाग्य " दिनांक 25.09.2017 को मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गयी है। योजना का उद्देश्य 31 मार्च 2019 तक देश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त इच्छुक घरों में बिजली पहुंचाना है।



सौभाग्य
प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना

- योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के एपीएल एवं सभी क्षेत्रों के डिफाल्टर उपभोक्ता को छोड़कर प्रदेश के समस्त आवेदनकर्ता जिनका नाम सामाजिक आर्थिक जनगणना में है, उन्हें निःशुल्क विद्युत संयोजन दिया जाएगा, किन्तु उपभोक्ता को अपने मासिक विद्युत खपत का बिल प्रत्येक माह भुगतान करना होगा।
- ग्रामीण क्षेत्र के एपीएल संयोजन कार्मिशियल रेट रू0 500 प्रति संयोजन ( दस आसान किश्तों में ) दिया जायेगा।
- भारत सरकार द्वारा यह संयोजन दिये जाने हेतु रू0 3000 एवं विद्युत नेटवर्क बनाये जाने हेतु प्रति संयोजन रू0 1500 का अनुदान दिया जायेगा।
- इसमें से 50 लाख संयोजन इस समय लागू योजना में दिये जा रहे है, 84 लाख वर्तमान विद्युत प्रणाली में दिये जाने है लगभग 62 लाख जो वर्तमान में विद्युतीकृत क्षेत्र/योजन में कवर रही है, इसका विद्युत नेटवर्क बनाकर दिये जाने है।
- शहरी क्षेत्र में 15 लाख उपभोक्ताओं जिनमें एपीएल/बीपीएल दोनो सम्मलित है सिर्फ बीपीएल संयोजन को मुफ्त संयोजन दिया जाना है।
- प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्र जो कि अविद्युतीकृत है एवं वर्तमान योजनाओं में आवरित नही है इनके लिये मेसर्स आरईसीपीडीसीएल द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। 25 जिलों की डीपीआर तैयार हो गयी है 1 अगस्त 25 जिलों में माह अक्टूबर एवं शेष नवम्बर माह तक पूर्ण डीपीआर बनाना प्रस्तावित है।
- इसके योजना के कार्य पूर्ण किये जाने का लक्ष्य मार्च–2019 तक किया जाना है। पहले दिसम्बर 2018 तक पूर्ण करने पर 15 प्रतिशत का अतिरिक्त अनुदान प्राप्त होगा।

## मुख्य सम्पादक की ओर से

*उत्तर प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र एक बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है – जहां एक ओर हमें 'पावर फॉर ऑल' तथा 'सौभाग्य' योजनाओं के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग २ करोड़ ग्रामीण उपभोक्ताओं हेतु विद्युत तंत्र विकसित कर संयोजन प्रदान करना है, प्रदेश के ६४ लाख उपभोक्ताओं के संयोजनों का नियमितिकरण किया जाना है वहीं विस्तार के इस व्यापक अभियान के साथ हमें उदय योजना के अन्तर्गत पावर कारपोरेशन की Financial Viability भी सुनिश्चित करनी है अर्थात् हमारे सामने Conquer & Consolidate की कड़ी चुनौती है। किसी भी सेक्टर का टर्न–अराउण्ड कष्टकर प्रक्रिया है, जिसमें हम सब को अपने अन्तर्निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर, पूर्ण निष्ठा एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ काम कर के इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है चाहे इसका प्रतिदान हमें अपने अश्रु, स्वेद एवं रक्त से ही क्यों न करना पड़े क्योंकि यहीं वह संस्था है, जिसने हम सबको जीवन जीने का आधार दिया है। इस प्रक्रिया में हमें कहीं एक क्षण के लिये भी रुक कर और थम कर लक्ष्य को स्वयं से ओझल नहीं होने देना है।*

*यह महान दृश्य है। चल रहा मनुष्य है। अश्रु, स्वेद रक्त से*
*लथ–पथ, लथ–पथ, लथ–पथ। अग्निपथ! अग्निपथ! अग्निपथ!*

*तू न थकेगा कभी। तू न थमेगा कभी। तू न मुड़ेगा कभी।*
*कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ। अग्निपथ! अग्निपथ! अग्निपथ!*

दीपावली की शुभकामनाओं सहित।

डा0 संजय कुमार सिंह

## अवर अभियन्ता (वितरण) की भूमिका फीडर मैनेजर के रूप में

**संख्या 790—ज0श0 एवं प्र0सु0—01/पाकालि/2017—29—प्र0सु0/2001 दिनांक 16.10.2017**

फीडर इनर्जी ऑडिट के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (वितरण) की भूमिका फीडर मैनेजर के रूप मे होगी तथा उनकी प्रतिवर्ष अंकित की जाने वाली गोपनीय आख्या में उनके फीडर पर कितने प्रतिशत ए.टी.एण्डसी. हानियों में कितने प्रतिशत कमी लाई गयी, इसका अंकन किया जायेगा।

## लागू टैरिफ दर के दोगुने से राजस्व निर्धारण

**संख्या UPERC/Secy/VCA/17-1116 दिनांक 19.09.2017**

विद्युत आपूर्ति संहिता रिव्यू पैनल की उपसमिति द्वारा बिजली उपभोक्ता या व्यक्ति द्वारा शमन शुल्क जमा किये जाने के बावजूद लागू टैरिफ रेट के दोगुने से राजस्व निर्धारण किये जाने के प्रस्ताव पर एकमत से सहमति प्रदान करते हुए नियामक आयोग को तद्नुसार विद्युत आपूर्ति संहिता में संशोधन किये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया।

## अनाधिकृत विद्युत उपयोग एवं विद्युत चोरी हेतु दिशा—निर्देश

**पत्रांक 458 मु0अ0 (वा0 एवं उ0ले0)/रेड इकाई दिनांक 28.09.2017**

अध्यक्ष महादय द्वारा मेनुअल में निम्नांकित विषयों पर मार्गदर्शन किया गया है:—

1. विद्युत अधिनियम—2003 की धारा 126 एवं धारा 135 के प्रयोग की स्थितियां।
2. विद्युत चोरी के मामले में पालन की जाने वाली प्रक्रिया।
3. विद्युत चोरी रोकने हेतु अपनायी जाने वाली समस्त प्रक्रिया।
4. विद्युत गतिविधियों को पूर्ण किये जाने की समय—सीमा।

## क्षेत्रवार/डिस्कामवार मासिक एवं प्रगामी वसूली दर की तुलनात्मक रिपोर्ट

| ZONE/ DISCOM | मासिक | | | | | | | | | | प्रगामी | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Energe Receipt (MU) | | | Revenue Realised (Crs) | | | Real Rate (P/U) | | | | Energe Receipt (MU) | | | Revenue Realised (Crs) | | | Real Rate (P/U) | | | |
| | 9/16 | 9/17 | % Inc/Dec | 9/16 | 9/17 | % Inc/Dec | 9/16 | 9/17 | Inc/ Dec | in % | Upto 9/16 | Upto 9/17 | % Inc/Dec | Upto 9/16 | Upto 9/17 | % Inc/Dec | Upto 9/16 | Upto 9/17 | Inc/ Dec | in % |
| MEERUT | 476 | 470 | -1.33 | 134 | 150 | 12.34 | 281 | 320 | 39 | 13.86 | 2748 | 3089 | 12.41 | 692 | 785 | 13.56 | 252 | 254 | 3 | 1.02 |
| GHAZIABAD | 817 | 864 | 5.68 | 402 | 451 | 12.14 | 492 | 522 | 30 | 6.11 | 4885 | 5492 | 12.41 | 2034 | 2326 | 14.35 | 416 | 424 | 7 | 1.73 |
| SAHARANPUR | 601 | 583 | -2.88 | 125 | 138 | 10.36 | 208 | 237 | 28 | 13.63 | 3336 | 3937 | 18.03 | 627 | 796 | 27.07 | 188 | 202 | 14 | 7.65 |
| NOIDA | 460 | 479 | 4.34 | 337 | 376 | 11.47 | 734 | 784 | 50 | 6.83 | 2727 | 2959 | 8.50 | 1611 | 1872 | 16.21 | 591 | 633 | 42 | 7.10 |
| MORADABAD | 575 | 626 | 8.84 | 141 | 163 | 15.61 | 246 | 261 | 15 | 6.22 | 3320 | 4113 | 23.90 | 725 | 885 | 22.04 | 219 | 215 | -3 | -1.50 |
| **PVVNL** | **2928** | **3022** | **3.19** | **1140** | **1279** | **12.20** | **389** | **423** | **34** | **8.73** | **17015** | **19589** | **15.13** | **5689** | **6665** | **17.16** | **334** | **340** | **6** | **1.77** |
| BAREILLY | 335 | 394 | 17.76 | 95 | 114 | 20.05 | 285 | 290 | 6 | 1.94 | 1899 | 2406 | 26.69 | 473 | 614 | 29.81 | 249 | 255 | 6 | 2.46 |
| LUCKNOW | 377 | 477 | 26.49 | 106 | 110 | 3.38 | 281 | 230 | -51 | -18.27 | 2124 | 2708 | 27.54 | 507 | 582 | 14.75 | 239 | 215 | -24 | -10.03 |
| FAIZABAD | 300 | 396 | 31.86 | 64 | 80 | 24.35 | 213 | 201 | -12 | -5.70 | 1731 | 2226 | 28.66 | 321 | 435 | 35.61 | 186 | 196 | 10 | 5.40 |
| GONDA | 143 | 181 | 26.91 | 27 | 33 | 19.67 | 192 | 181 | -11 | -5.70 | 777 | 1003 | 29.21 | 147 | 187 | 26.99 | 190 | 186 | -3 | -1.72 |
| LESA | 574 | 631 | 9.85 | 288 | 314 | 9.05 | 502 | 498 | -4 | -0.73 | 3540 | 3739 | 5.63 | 1403 | 1619 | 15.41 | 396 | 433 | 37 | 9.26 |
| **MVVNL** | **1729** | **2079** | **20.24** | **581** | **651** | **12.01** | **336** | **313** | **-23** | **-6.84** | **10069** | **12083** | **20.00** | **2852** | **3438** | **20.55** | **283** | **285** | **1** | **0.46** |
| AGRA | 575 | 631 | 9.83 | 144 | 171 | 18.53 | 251 | 271 | 20 | 7.92 | 3253 | 3796 | 16.69 | 810 | 1021 | 26.14 | 249 | 269 | 20 | 8.10 |
| ALIGARH | 390 | 464 | 18.86 | 110 | 129 | 17.29 | 282 | 278 | -4 | -1.32 | 2167 | 2712 | 25.16 | 598 | 778 | 30.08 | 276 | 287 | 11 | 3.94 |
| KANPUR | 412 | 464 | 12.56 | 115 | 138 | 19.89 | 280 | 298 | 18 | 6.51 | 2348 | 2678 | 14.02 | 612 | 787 | 28.64 | 260 | 294 | 33 | 12.82 |
| JHANSI | 211 | 245 | 16.16 | 50 | 61 | 22.13 | 238 | 250 | 12 | 5.13 | 1264 | 1470 | 16.30 | 290 | 347 | 19.36 | 230 | 236 | 6 | 2.63 |
| BANDA | 150 | 180 | 19.87 | 25 | 29 | 15.31 | 168 | 161 | -6 | -3.80 | 839 | 1000 | 19.10 | 138 | 178 | 28.65 | 165 | 178 | 13 | 8.02 |
| **DVVNL** | **1738** | **1984** | **14.14** | **445** | **529** | **18.80** | **256** | **267** | **10** | **4.08** | **9872** | **11655** | **18.07** | **2448** | **3110** | **27.06** | **248** | **267** | **19** | **7.62** |
| ALLAHABAD | 588 | 763 | 29.85 | 135 | 144 | 6.99 | 229 | 189 | -40 | -17.60 | 3385 | 4009 | 18.43 | 680 | 796 | 17.15 | 201 | 199 | -2 | -1.08 |
| GORAKHPUR | 313 | 426 | 36.41 | 76 | 89 | 16.37 | 244 | 208 | -36 | -14.69 | 1868 | 2385 | 27.66 | 386 | 470 | 21.85 | 207 | 197 | -9 | -4.55 |
| BASTI | 116 | 148 | 27.96 | 17 | 22 | 32.60 | 143 | 148 | 5 | 3.63 | 670 | 805 | 20.17 | 84 | 145 | 73.74 | 125 | 181 | 56 | 44.57 |
| VARANASI | 469 | 645 | 37.69 | 129 | 148 | 14.33 | 276 | 229 | -47 | -16.97 | 2940 | 3601 | 22.49 | 661 | 822 | 24.20 | 225 | 228 | 3 | 1.40 |
| MIRZAPUR | 164 | 250 | 52.21 | 41 | 44 | 7.06 | 251 | 176 | -74 | -29.66 | 1007 | 1286 | 27.66 | 216 | 239 | 11.12 | 214 | 186 | -28 | -12.96 |
| AZAMGARH | 271 | 362 | 33.44 | 24 | 27 | 14.29 | 88 | 75 | -13 | -14.35 | 1644 | 2041 | 24.20 | 118 | 163 | 38.68 | 72 | 80 | 8 | 11.66 |
| **PuVVNL** | **1920** | **2595** | **35.14** | **422** | **474** | **12.36** | **219** | **182** | **-37** | **-16.86** | **11514** | **14128** | **22.70** | **2144** | **2636** | **22.96** | **186** | **187** | **0** | **0.21** |
| **KESCO** | **357** | **373** | **4.56** | **204** | **201** | **-1.45** | **571** | **538** | **-33** | **-5.74** | **2198** | **2198** | **-0.01** | **1112** | **1133** | **1.87** | **506** | **515** | **10** | **1.88** |
| **UPPCL** | **8673** | **10053** | **15.92** | **2791** | **3133** | **12.24** | **322** | **312** | **-10** | **-3.17** | **50669** | **59654** | **17.73** | **14244** | **16982** | **19.22** | **281** | **285** | **4** | **1.27** |

## अन्य समाचार

### वसूली मामले में जेई सस्पेंड

विभाग ने कैला भट्टा गाजियाबाद में तैनात अवर अभियन्ता श्री साबिर अली को निलम्बित कर दिया है। संपूर्ण समाधान दिवस में हुई जनसुनवाई तथा प्रशासन के साथ पावर कारपोरेशन के बिजली चोरी और बकाएदारों के खिलाफ चलाए गय संयुक्त अभियान के वक्त लोगों ने जेई साबिर अली पर नए कनेक्शन के लिये पैसे लेने के साथ—साथ बिजली चोरी से चलाने के लिये अवैध उगाही के गंभीर आरोप लगाये थे। डी. एम. रितु माहेश्वरी के आदेश पर हुई जांच के बाद आरोपी जेई को सस्पेंड कर दिया गया है।।

महत्वपूर्ण आदेश वेबसाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध हैं।